लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

दिनांक 08 मार्च, 2016 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थित

1. डॉ0 एस0बी0 निमसे	अध्यक्ष/कुलपति
2. प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी प्रतिकुलपति	सदस्य
3. प्रो0 अरविन्द कुमार	सदस्य
4. प्रो0 पद्मकान्त	सदस्य
5. प्रो0 कीर्ति सिन्हा	सदस्य
6. डॉ0 राकेश कुमार सिंह	सदस्य
7. डॉ0 शालिनी श्रीवास्तव	सदस्य
8. डॉ0 शशि कनौजिया	सदस्य
9. डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला	सदस्य
10.डॉ0 एस0एम0 नक़वी	सदस्य
11.श्री अनिल कुमार सिंह	सदस्य
12. डा0 सूर्यकान्त	सदस्य
13. श्री सुरेश चन्द्र तिवारी	सदस्य
14.श्री देवी प्रसाद चौधरी	सदस्य
15.प्रो0 आभा अवस्थी	सदस्य
16.डॉ0 श्यामबाबू गुप्ता	सदस्य
17.डॉ0 हरिभाऊ गोपीनाथ खाण्डेकर	सदस्य
18.श्री एस0के0 शुक्ल	परीक्षा नियंत्रक एवं प्रभारी कुलसचिव/सचिव

Scanned by CamScanner

बैठक के आरम्भ में सर्वप्रथम कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद ने सभी मा0 सदस्यों का स्वागत किया और कार्यपरिषद में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्यों सर्व श्री डॉ0 आर0आर0 चौधरी, अधिष्ठाता, आयुर्वेद, प्रो0 यू0डी0 मिश्रा, भौतिक विज्ञान विभाग, डॉ0 एम0एस0 रिजवी, मध्यकालीन भारतीय इतिहास, एवं डॉ0 धरम कौर, प्रधानाचार्य, विद्यान्त हिन्दू पी0जी0 कालेज लखनऊ के योगदान एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यपरिषद में नवागत सदस्यों डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य/अधिष्ठाता कला एवं शिल्प महाविद्यालय, प्रो0 बी0के0 तिवारी राजनीतिशास्त्र विभाग, डॉ0 श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं डॉ0 एम0एस0 नकवी, प्राचार्य, शिया पी0जी0 कालेज का बैठक में स्वागत किया तथा उनसे सहयोग की अपेक्षा की। तत्पश्चात मा0 कुलपति/अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव/सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।

मद– उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (यथा संशोधित) की धारा–12(1) के अन्तर्गत कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु गठित होने वाली खोज समिति (Search Committee) हेतु उक्त अधिनियम की धारा 12(2)(क) के अनुसार एक व्यक्ति का निर्वाचन (Elect) करना।

कार्यवाही

कार्य परिषद सदस्यों ने गहन विचार विमर्श उपरान्त प्रो0 जी0सी0 त्रिपाठी तथा प्रो0 डी0पी0 सिंह के नामों में से कियी एक के नाम पर आम सहमति नहीं वन पाने के कारण उनके मध्य गोपनीय मतदान से निर्वाचन करने का निर्णय लिया। तदुनुसार एक व्यक्ति के निर्वाचन हेतु गोपनीय मतदान कराया गया । जिसमें प्रो0 जी0सी0 त्रिपाठी तथा प्रो0 डी0पी0 सिह दोनों को 8–8 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार मतदान का परिणाम Tie रहा। कुलपति द्वारा मतदान में प्रतिभाग नहीं किया गया। तत्पश्चात कार्य परिषद ने सर्वसम्मति से नाम निर्वाचन करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही के लिए कुलपति को अधिकृत करने का निर्णय लिया।

अध्यक्ष महोदय ने बैठक के अन्त में समस्त मा0 सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की।

(एस0के0 शुक्ल)
परीक्षा नियंत्रक एवं प्रभारी कुलसचिव/सचिव

(डॉ0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner